# BLUE PRINT OF MODEL QUESTION PAPER

SUBJECT : HINDI (हिन्दी)
TEACHING HOURS : 120

II PUC
SUBJECT CODE : 03

SET - I

DURATION : 3 HOURS
MAX. MARKS : 100

| OBJECTIVES → / QUESTION CARRYING MARKS → / UNITS/SUB UNITS ↓ | NO. OF HOURS ALLOTTED | MARKS ALLOTTED | KNOWLEDGE | | | COMPREHENSION | | | EXPRESSION | | | APPRECIATION | | | TOTAL | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET | VSA | SA | ET |
| | | | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 | 1 | 3 | 4/5 |
| गद्य भाग 1. सुजान भगत | 6 | 5 | 1 | | | 1 | | | | 1 | | | | | 2 | 1 | |
| 2. कर्तव्य और सत्यता | 3 | 6 | | | | | 1* | | | 1* | | | | | | | |
| 3. गंगा मैया से साक्षात्कार | 3 | 4 | 1 | | | | 1 | | | | | | | | 1 | 1 | |
| 4. एक कहानी यह भी | 5 | 5 | 1 | | | 1 | | | | 1 | | | | | 2 | 1 | |
| 5. भारतरत्न विश्वेश्वरय्या | 4 | 4 | 1 | | | | 1 | | | | | | | | 1 | 1 | |
| 6. चीफ़ की दावत | 5 | 4 | | | | 1 | 1* | | | | | | | | 1 | | |
| 7. भोलाराम का जीव | 3 | 5 | 1 | | | 1 | | | | 1* | | | | | 2 | | |
| 8. यात्रा जापान की | 6 | 4 | 1 | | | | 1 | | | | | | | | 1 | 1 | |
| पद्य भाग - मध्यकालीन 1. रैदास बानी | 3 | 5 | 1 | | | | | | | | 1* | | | | 1 | | |
| 2. सूरदास के पद | 3 | 3 | | | | | 1 | | | | | | | | | 1 | |
| 3. रहीम के दोहे | 3 | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | 1 | | |
| 4. बिहारी के दोहे | 3 | 4 | | | | | | | | | 1 | | | | | | 1 |
| आधुनिक कविता 1. आविष्कार | 3 | 3 | | | | | 1 | | | | | | | | | 1 | |
| 2. गहने | 2 | 4 | 1 | | | | 1* | | | | | | | | 1 | | |
| 3. कायर मत बन | 3 | 5 | 1 | | | | | | | | 1* | | | | 1 | | |
| 4. एक वृक्ष की हत्या | 3 | 5 | 1 | | | | | | | | 1 | | | | 1 | | 1 |
| 5. भारत की धरती | 4 | 3 | | | | | 1* | | | | | | | | | | |
| 6. हो गई है पीर पर्वत-सी | 3 | 1 | 1 | | | | | | | | | | | | 1 | | |
| अपठित (एकांकियाँ) 1. सुखी डाली | 12 | 12 | 2 | | | | | 2(1) | | | | | | | 2 | | 1 |
| 2. प्रतिशोध | 8 | 13 | 3 | | | | | 2(1) | | | | | | | 3 | | 1 |
| व्याकरण तथा रचना 1. वाक्य शुद्धि | 3 | 4 | | | | | | | 4 | | | | | | 4 | | |
| 2. रिक्त स्थान की पूर्ति | 3 | 4 | | | | 4 | | | | | | | | | 4 | | |
| 3. काल परिवर्तन | 3 | 3 | | | | | | | 3 | | | | | | 3 | | |
| 4. मुहावरे | 3 | 4 | 4 | | | | | | | | | | | | 4 | | |
| 5. लिंग | 3 | 3 | 3 | | | | | | | | | | | | 3 | | |
| 6. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द | 3 | 3 | 3 | | | | | | | | | | | | 3 | | |
| 7. उपसर्ग | 2 | 2 | 2 | | | | | | | | | | | | 2 | | |
| 8. प्रत्यय | 2 | 2 | 2 | | | | | | | | | | | | 2 | | |
| 9. निबंध | 4 | 5 | | | | | | | | | 1* | | | | | | 1 |
| 10. पत्र | 3 | 5 | | | | | | | | | 1 | | | | 5 | | |
| 11. अपठित गद्यांश | 3 | 5 | | | | 5 | | | | | | | | | 5 | | |
| 12. अनुवाद | 3 | 5 | | | | | | | | | | 5 | | | | | |
| | 120 HRS. | 141 MARKS | 31 | | | 13 | 15 | 10 | 07 | 06 | 13 | 05 | | | 56 | 21 | 23 |

COMPREHENSION: 13 + 15 + 10 = 38

EXPRESSION: 07 + 06 + 13 = 26

TOTAL: 56 + 21 + 23 = 100 MARKS

SET - I

# MODEL QUESTION PAPER - II PUC

## SUBJECT : HINDI (03)

TIME : 3 HOURS 15 MINUTES MAX. MARKS : 100

सूचना : i) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6x1=6

1. सुजान के छोटे बेटे का नाम लिखिए।
2. गंगा मैया ने सत्य को क्या कहा है?
3. पिताजी रसोई घर को क्या कहते थे?
4. कावेरी नदी पर बाँध किस नाम से मशहूर है?
5. भोलाराम ने दरख्वास्त पर क्या नहीं रखा था?
6. पुस्तकालय से बाहर निकलते समय अलार्म क्या जताता है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3x3=9

7. झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।
8. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे?
9. मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान पर प्रकाश डालिए।
10. समाज में कौन-कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं? संक्षेप में लिखिए।
11. जापान के रेलवे स्टेशन और रेल-यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती है?

II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे? 4x1=4

12. 'दिन भर एक न एक खुचड़ निकालते रहते हैं।'
13. 'आई एम रिअली प्राउड ऑफ़ यू।'
14. 'सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं।'
15. 'गरीबी की बीमारी थी।'

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2×3=6

16. 'इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें।'

17. 'यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी।'

18. 'साधु-सन्तों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते हैं।'

19. 'अब तक जिस घर में राज्य किया, उसी घर में पराधीन बनकर वह नहीं रह सकता।'

III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 6×1=6

20. रहीम किसे बावरी कहते हैं?

21. अंग-अंग में किसकी सुगंध समा गई है?

22. बेटी किन्हें गहने मानती है?

23. कवि नरेन्द्र शर्मा ने किसे अधिक अपावन कहा है?

24. वृक्ष का शरीर किससे बना है?

25. दीवार किसकी तरह हिलने लगी?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2×3=6

26. सूरदास ने माखन चोरी प्रसंग का किस प्रकार वर्णन किया है?

27. बादल एवं वसन्त ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

28. हरियाणा की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

29. 'गहने' कविता के द्वारा कवि ने क्या आशय व्यक्त किया है?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2×4=8

30. प्रभु जी तुम दीपक, हम बाती,
जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभु जी तुम मोती, हम धागा,
जैसे सोने मिलत सुहागा।

अथवा

समै-समै सुन्दर सबै, रूप कुरूप न कोइ।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होइ॥

31. युद्धं देहि कहे जब पामर
दे न दुहाई पीठ फेर कर;
या तो जीत प्रीति के बल पर
या तेरा पद चूमे तस्कर।

अथवा

धूप में, बारिश में,
गर्मी में, सर्दी में,
हमेशा चौकन्ना
अपनी खाकी वर्दी में।

IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए: 5x1=5

32. मूलराज के मँझले बेटे का नाम लिखिए।
33. व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?
34. कवि किस पर शासन करता है?
35. प्रेम के बिना किसका मूल्य नहीं है?
36. भारवि के अनुसार जीवन का सबसे बड़ा अपराध क्या है?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2x5=10

37. दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

अथवा

बेला की चारित्रिक विशेषताओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

38. भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

अथवा

भारती और सुशीला के वार्तालाप को अपने शब्दों में लिखिए।

V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 4x1 = 4

39. i) मेरा प्राण बेचैन है ।
ii) कोयल डाली में बैठी है ।
iii) मेहमान लोग आठ बजे आएगा ।
iv) तुम तुम्हारे घर जाओ ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए : 4x1 = 4

(भला, सज्जन, प्रकाश, सार्थक)

40. i) चारों ओर ____ फैला हुआ है ।
ii) आप ____ तो जग भला ।
iii) सदैव ____ शब्दों का प्रयोग करना चाहिए ।
iv) ____ सदैव सम्मानित होते हैं ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 3x1 = 3

41. i) वह मुझे नागपुर बुला रहा है । (भूतकाल में बदलिए)
ii) सिद्धार्थ ने कविता लिखी । (वर्तमानकाल में बदलिए)
iii) रमेश मैदान में खेल रहा है । (भविष्यत् काल में बदलिए)

ई) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4x1 = 4

42. i) शर्म से पानी-पानी होना — a) याचना करना
ii) हाथ फैलाना — b) किसी का अपमान करना
iii) टोपी उछालना — c) आलिंगन करना
iv) गले से लगाना — d) बहुत लज्जित होना

उ) अन्य लिंग रूप लिखिए : 3x1 = 3

43. i) तपस्वी ii) अध्यापक iii) वर

ऊ) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए : 3x1 = 3

44. i) हिंसा करने वाला
ii) घूमने फिरने वाला
iii) जो साथ पढ़ता हो

ए) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए : 2X1 = 2

45. i) दिन ii) नायक

ऐ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए : 2X1 = 2

46. i) जवानी ii) निश्चित

VI. अ) किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : 1X5 = 5

47. i) दूरदर्शन

ii) प्रदूषण की समस्या

iii) समय का महत्व

अथवा

अपने मित्र को नववर्ष की शुभकामना देते हुए पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5X1 = 5

मित्रता अनमोल धन है। इसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है। हीरे-मोती या सोने-चाँदी से भी नहीं। मैत्री की महिमा बहुत बड़ी है। सच्चा मित्र सुख और दुख में समान भाव से मैत्री निभाता है। जो केवल सुख में साथ होता है, उसे सच्चा मित्र नहीं कहा जा सकता। साथ-साथ खाना-पीना, सैर, पिकनिक का आनंद लेना सच्ची मित्रता का लक्षण नहीं। सच्ची मित्रता की बस एक पहचान है और वह है - विचारों की एकता। विचारों की एकता ही इसे दिनोंदिन प्रगाढ़ करती है। सच्चा मित्र बड़ा महत्वपूर्ण होता है। जहाँ थाह न लगे, वहीं बाँह बढ़ाकर उबार लेता है। मित्रता करना तो आसान है, लेकिन निभाना बहुत ही मुश्किल। आज मित्रता का दुरुपयोग होने लगा है। लोग अपने सीमित स्वार्थों की पूर्ति के लिए मित्रता का ढोंग रचते हैं। मित्रता जीवन का सर्वश्रेष्ठ अनुभव है। यह एक ऐसा मोती है, जिसे गहरे सागर में डूबकर ही पाया जा सकता है। मित्रता की कीमत केवल मित्रता ही है। सच्ची मित्रता जीवन का

---- 6

वरदान है। सच्चा मित्र मनुष्य की सोई किस्मत को जगा सकता है और भटके को सही राह दिखा सकता है।

प्रश्न : i) कौन सुख और दुख में समान भाव से मैत्री निभाता है ?

ii) मित्रता की क्या पहचान है ?

iii) क्या मित्रता निभाना आसान है ?

iv) मित्रता की प्राप्ति किस प्रकार हो सकती है ?

v) सच्चा मित्र किसको सही राह दिखा सकता है ?

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5X1=5

i) ನಾವು ಒಗ್ಗಟ್ಟಾಗಿ ಬಾಳಬೇಕು.

We should live unitedly.

ii) ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಜೀವನವೇ ಸುವರ್ಣ ಯುಗ.

Student life is the golden life.

iii) ಭಾರತ ದೇಶವು ಕೃಷಿ ಪ್ರಧಾನ ದೇಶವಾಗಿದೆ.

India is an agricultural country.

iv) ಸರಳ ಬಹಳ ಪ್ರತಿಭಾವಂತೆ.

Sarala is very talented.

v) ಮಾನವನು ದೇವರ ಉತ್ತಮ ಸೃಷ್ಟಿಯಾಗಿದ್ದಾನೆ

Human being is the finest creation of god.

— x —